# एसवीएसयू में वेब रेडियो की स्थापना

हाड़ौती अधिकार

पलवल, 01 जनवरी। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के लिए वर्ष 2026 का शानदार आगाज हुआ है। पहले ही दिन विश्वविद्यालय को सीएसआर में 50 लाख रुपए की सौगात मिली है। यह राशि अडानी विलमार के अंतर्गत एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस लिमिटेड की ओर से वेब रेडियो स्थापित करने के उद्देश्य से प्रदान की गई है। एसवीएसयू स्किल इनोवेटर फाउंडेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव सिंह ने बृहस्पतिवार को कुलगुरु प्रोफेसर दिनेश कुमार को 50 लाख रुपए का चेक सौंपा।

कुलगुरु प्रोफेसर दिनेश कुमार ने इसे बड़ी उपलब्धि बताते हुए गौरव सिंह को बधाई दी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत मिली इस राशि का सदुपयोग समाज कल्याण के निमित्त किया जाएगा। पहले चरण में वेब रेडियो की स्थापना होगी, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में कौशल आधारित प्रोग्राम के साथ-साथ सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों का प्रचार किया जाएगा।

कुलगुरु प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि सूचना-तकनीक के इस युग में रेडियो की अपनी महत्वपूर्ण भूमिका और विश्वसनीयता है। पहले चरण में वेब रेडियो की स्थापना के पश्चात इसी वर्ष में कम्युनिटी रेडियो स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, ताकि यह



प्रोजेक्ट इस क्षेत्र के विकास में अपनी अग्रणी भूमिका निभा सके। कुलगुरु प्रोफेसर दिनेश कुमार ने कम्युनिटी आउटरीच प्रोग्राम के अंतर्गत आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान को व्यापक बनाने के निर्देश दिए।

एसवीएसयू स्किल इनोवेटर फाउंडेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव सिंह ने कहा कि यह अभी एक शुरुआत है। भविष्य में कम्युनिटी रेडियो की स्थापना बड़ा लक्ष्य है।